TC- MPBIL02560

साप्ताहिक इंदौर फर्स्ट संघर्ष से सिद्धि
Jtv भारत इलेक्ट्रानिक एंड प्रिंट मीडिया नेटवर्क ग्रुप उज्जैन
7974826006, 8643056464
9575154444

# इंदौर फर्स्ट

डिजिटल
A Bilingual daily newspeper
दैनिक समाचार पत्र

वर्ष-03 अंक-[redacted]67 | उज्जैन, बुधवार 16 अप्रैल 2025 | मूल्य- 5 रू. पृष्ठ-8

# वनवासी मजदूर भाई-बहनों की सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा - मुख्यमंत्री डा. यादव

## अखिल भारतीय वनवासी ग्रामीण मजदूर महासंघ के सातवें अधिवेशन का मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने किया उद्घाटन

## प्रदेश में निवेश करने वाले उद्योगपति औद्योगिक परिसर में मजदूरों के लिए सुविधाजनक पक्के आवास बनाए, ऐसा प्रावधान किया जाएगा






संजय जैन (सह-संपादक)
942510-1357 883910-7012
गिद्ध दृष्टि

संजय जैन,सह-संपादक। उज्जैन, । मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने रतलाम में आयोजित अखिल भारतीय वनवासी ग्रामीण मजदूर महासंघ के सातवें अधिवेशन के उद्घाटन सत्र में सम्बोधित करते हुए कहा कि आज कार्यक्रम के दौरान मुझे 32 ज्ञापन प्राप्त हुए हैं। मजदूर भाई-बहनों की सभी समस्याओं का समाधान करने के लिए भोपाल में विभागों से समन्वय कर काम किया जाएगा। वनवासी भाई-बहनों तथा सभी वर्ग की बेहतरी के लिए कार्य करने में सरकार कोई कसर नहीं छोडेगी। शासन ने इंदौर की हुकुमचंद मिल के 4800 मजदूर भाई-बहनों के 224 करोड रुपए का बकाया भुगतान करवा दिया है। रतलाम की सज्जन मिल के मजदूरों का बकाया भुगतान भी शीघ्र करवा दिया जाएगा। सरकार की ओर से औद्योगिकीकरण को बढावा देकर रोजगार के अवसर तलाशने के लिए औद्योगिक निवेश के लिए संभागीय स्तर पर ग्लोबल इन्वेस्टर समिट आयोजित कर उद्योगपतियों के साथ अनुबंध किए गऐ हैं।

भोपाल में 9 वां औद्योगिक सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं गृहमंत्री श्री अमित शाह की उपस्थिति में प्रदेश में उद्योगों को बढावा देने और रोजगार के अवसर तलाशने के कार्य किए गए हैं। प्रदेश में रोजगारमूलक उद्यम स्थापित करने वाले उद्योगपतियों को जमीन आवंटन, विद्युत बिल में छूट देते हुए 70 प्रतिशत तक सरकार द्वारा अनुदान दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री डा. यादव ने कहा कि देश के हित में करेंगे काम, और काम के लेगे पूरे दाम, यह भारतीय मजदूर संघ का नारा है। सरकार की ओर से देशहित में काम करने वाले मजदूरों को उनका पूरा हक दिया जाएगा। वस्त्र उद्योग में कार्य करने वाले श्रमिकों को प्रति मजदूर 5 हजार रुपए प्रति माह अनुग्रह राशि देने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अलीराजपुर क्षेत्र के मजदूर भाई-बहन काम की तलाश में गुजरात राज्य की सूरत स्थित हीरा फेक्ट्री में कार्य पर जाते हैं, इसके लिए अब अलीराजपुर में ही हीरा फेक्ट्री के माध्यम से रोजगार के साधन उपलब्ध कराए जाएंगे। गंभीर बीमारी के समय गरीबों/मजदूरों के उपचार हेतु एयर एम्बूलेंस सेवा के माध्यम से अन्यत्र भेजने की व्यवस्था सरकार द्वारा की जा रही है। गरीबों के उपचार हेतु प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना अन्तर्गत निजी चिकित्सालयों में भी उपचार की व्यवस्था की गई है।

मुख्यमंत्री डा. यादव ने कहा कि धार और झाबुआ जिले में भी मेडिकल कालेज खोले जाएंगे, ताकि वनवासी जिलों में पढाई एवं उपचार की बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित हो सके। सरकार द्वारा गरीब महिला, किसान, युवा सभी वर्गों के लिए प्राथमिकता से काम किया जा रहा है। प्रधानमंत्री कौशल उन्नयन योजना अन्तर्गत शिल्पकार, मिस्त्री, बढई सभी संवर्ग को रोजगार स्थापित करने में सरकार द्वारा प्रशिक्षण एवं वित्तीय सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

मजदूर भाई-बहनों के कल्याण के लिए संबल योजना संचालित है। संबल योजना अन्तर्गत सभी मजदूर भाई-बहन अपना पंजीयन अनिवार्य रुप से करवाएं। योजना में स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास आदि योजनाओं में लाभान्वित किया जा रहा है। परिवार के सदस्य की आकस्मिक मृत्यु हो जाने पर परिवार के संबल के लिए अनुग्रह राशि दिए जाने का भी प्रावधान किया गया है। संबल योजना में रतलाम जिले के 4 लाख 92 हजार मजदूरों का पंजीयन किया जा चुका है। योजना में पुन: सर्वे कराया जाकर पात्र हितग्राहियों को पक्के मकान प्रदान किए जाएंगे। बच्चों को स्कूल में सायकल, पाठ्य सामग्री, गणवेश तथा फीस की सुविधा सरकार द्वारा की जाती है।

किसानों की स्थिति बेहतर करने के लिए हर किसान के खेत पर पानी पहुंचाना, बिजली के संसाधन पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। किसानों को मोटा अनाज उत्पादन के लिए प्रेरित करने हेतु पी.एम. श्री अन्न योजना अन्तर्गत कोदो, कुटकी, मक्का तथा मोटे अनाज उत्पादन करने वाले कृषको को 1 हजार रुपए प्रति क्विंटल का अनुदान दिया जाएगा। डा. अम्बेडकर जयन्ती के अवसर से सरकार द्वारा गोपालकों से सहकारिता समितियों के माध्यम से दूध खरीदने की व्यवस्था के लिए योजना प्रारम्भ की जा रही है। पशुपालन अन्तर्गत दुग्ध उत्पादन के लिए सहकारिता आधारित कार्य किया जा रहा है। योजना अन्तर्गत 25 से ज्यादा गाय-भैंस पालने वाले गौपालक को अनुदान दिया जाएगा।

कार्यक्रम में महापौर श्री प्रहलाद पटेल ने स्वागत् उद्बोधन दिया। अखिल भारतीय मजदूर महासंघ के अध्यक्ष श्री सुरेन्द्रसिंह ने भी संबोधित किया। मुख्यमंत्री डा. यादव ने वनवासी ग्रामीण मजदूर महासंघ के संस्थापक श्री अरविन्द मोघे का अंग वस्त्र तथा प्रतीक चिन्ह भेंट कर अभिनन्दन किया।

विधायक सभाग्रह में आयोजित अधिवेशन में सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम मंत्री श्री चेतन्य काश्यप, महापौर श्री प्रहलाद पटेल, श्री अरविन्द मोघे, श्री भूरालाल डामर, श्री पवन पंत, श्री सुरेन्द्रसिंह शर्मा, श्री राघवसिंह भाभर, श्री बेगाजी, श्री संजयसिंह, श्री कुलदीप गुर्जर, श्री कैलाश निनामा, श्री प्रमोद जैन, श्री भरत पाटीदार, श्री अर्जुन राम, श्री मानसिंह मईडा, श्री भेरुलाल खदेडा, श्री कृश्णकुमार मईडा, श्री बालमुकुन्द पाटीदार, श्री राजू खराडी आदि मंचासीन थे।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री प्रदीप उपाध्याय, ग्रामीण विधायक श्री मथुरालाल डामर, आलोट विधायक श्री चिन्तामण मालवीय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लालाबाई शंभूलाल चन्द्रवंशी, महापौर श्री प्रहलाद पटेल, पूर्व मंत्री श्री हिम्मत कोठारी, भाजयुमो अध्यक्ष श्री विप्लव जैन, पूर्व महापौर श्री शैलेन्द्र डागा, श्री बजरंग पुरोहित, श्री अशोक पोरवाल, श्री कन्हैयालाल मौर्य, पूर्व विधायक श्री दिलीप मकवाना, कलेक्टर श्री राजेश बाथम, पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार, एडीएम डा. शालिनी श्रीवास्तव, सीईओ जिला पंचायत श्री श्रृंगार श्रीवास्तव, एसडीएम ( शहर ) श्री अनिल भाना सहित बडी संख्या में मजदूर भाई-बहन उपस्थित थे।

# श्री राम कथा 17 से 25 अप्रैल तक




टांडा ( धार) राम नाम की लूट है लूट सके तो लूट अंतकाल पछताएगा प्राण जाएंगे छुट इसी पन्ती को को ध्यान में रखते हुए टांडा नगर में अति प्राचीन नरसिंह मंदिर प्रांगण पर भगवान श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है कथा 17 अप्रैल से प्रारंभ होकर 25 अप्रैल को समापन होगा कथा का रसपान ज्योतिषाचार्य गौ भक्त पंडित बनवारी लाल जी महाराज बापचा इंदौर के द्वारा कथा का रसपान कराया जाएगा आपको बता दे आयोजन को लेकर समिति के द्वारा कार्य प्रारंभ किया गया है इस नव दिवसीय कथा में प्रतिदिन प्रातः लक्ष्मी नारायण अभिषेक पूजन एवं यज्ञ किया जाएगा और कथा संध्याकालीन शाम 7ः00 से प्रारंभ होगी कथा को लेकर नगर की महिला मंडल भी आयोजन की तैयारी में लगे हुए हैं

# भारतीय जनता पार्टी मंडल बाग ने डां .भीमराव अंबेडकर जी जयंती मनाई



**धर्मेंद्र सोलंकी** बाग अंबेडकर भवन में भारतीय जनता पार्टी मंडल बाग ने डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती बडी धूमधाम से मनाई। सर्व प्रथम डॉ . भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण किया । भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश सिसोदिया ने कहा कि सामाजिक न्याय समानता और संविधान निर्माण में भारत रत्न बाबा साहेब के अमर योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। बाबा साहेब का संपूर्ण जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है वे महान समाज सुधारक , विधिवेता और संविधान निर्माता थे । उन्होंने जीवन भर सामाजिक भेदभाव , छुआछूत और असमानता के विरुध संघर्ष किया और समता, स्वतंत्रता और बंधुत्व पर आधारित समाज की नींव रखी । वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम अगाल ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर जी संविधान के निर्माता थे । देश के प्रति उनके योगदान को हमेशा याद रखा जायेगा । उनकी जयंती के अवसर पर हम सभी श्रद्धा सुमन अर्पित करते है । कार्यक्रम में भाजपा नेता कैलाश झाबा , बाग सरपंच धर्मेंद्र बामनिया, वरिष्ठ नेता अशोक पवार, अजजा मोर्चा अध्यक्ष सुरेश रावत , भाजपा नगर अध्यक्ष अंकित झवर, अजा मोर्चा अध्यक्ष विक्रम सिसोदिया, धर्मेंद्र सोलंकी, महेश मोरी, कालुसिंह चौहान ,सोमला बघेल, राजेश बलदवा, सुनिल शिंदे,रमेश सिसोदिया, केसर सिंह मंडलोई, प्रताप गुरूजी मेरती , भुरू मेरती, ,लाल सिंह मेहडा नाहवेल, जन अभियान परिषद के बी सी मोहन सिंह सोलंकी, प्रताप सिंह मौर्य ,प्रताप सिंह चौहान आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# मेघनगर अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए नहीं है कोई जिम्मेदार व्यक्ति, जनसुनवाई में उठी आवाज


श्रीमान जिला कलेक्टर महोदय
जिला-झाबुआ. म.प्र.

विषय:- स्वास्थ केन्द्र मेघनगर में पोस्टमार्टम करने वाले व्यक्ति के संबंध में :-

सेवा में श्रीमान जिला कलेक्टर महोदय से विनम्र निवेदन है कि प्रा. स्वा. केन्द्र मेघनगर में किसी ऐसी मृत्यु होने पर पोस्टमार्टम करना आवश्यक होता है जिसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट अति आवश्यक होती जो डक्ट के मृत्यु के कारण को उल्लेखीत करती है. लंबे समय से स्वा. केन्द्र मेघनगर में पोस्ट मार्टम करने वाले व्यक्ति का पद रिक्त है। वैकल्पीक व्यवस्था की जाना सुनिश्चित हो ताकि परिजनों को भटकना न पड़े।

दिनांक
15/04/2025

शलेन्द्र श्रीवास्तव
सामाजिक कार्यकर्ता
मेघनगर
9425487518



मेघनगर सौरभ खेमसरा झाबुआ जिला मुख्यालय पर मंगलवार को हुई जनसुनवाई में मेघनगर निवासी नीरज श्रीवास्तव ने एक अहम और संवेदनशील मुद्दे को उठाया। उन्होंने शिकायत दर्ज कराई कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मेघनगर में पोस्टमार्टम के लिए जिम्मेदार व्यक्ति नहीं है, जिससे आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

नीरज श्रीवास्तव ने बताया कि जब किसी व्यक्ति की संदिग्ध या अचानक मौत होती है, तो उसका पोस्टमार्टम करना जरूरी होता है। यह रिपोर्ट सिर्फ कागज नहीं होती, बल्कि मृत्यु के असली कारण की पहचान करने का एक वैज्ञानिक जरिया होती है। लेकिन मेघनगर अस्पताल में लंबे समय से पोस्टमार्टम करने वाला कर्मचारी नहीं है।

परिजन को भटकना पड़ता है

पोस्टमार्टम नहीं हो पाने की वजह से मृतकों के परिजन को झाबुआ या अन्य अस्पतालों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इससे ना केवल मानसिक तनाव बढ़ता है, बल्कि समय और पैसे की भी बर्बादी होती है। कुछ मामलों में तो कानूनी कार्रवाई और बीमा दावों में भी अड़चन आ जाती है क्योंकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं बन पाती।

फरियादी नीरज श्रीवास्तव की मांग

स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम के लिए स्थायी व्यक्ति की नियुक्ति की जाए


जब तक पद नहीं भरता, तब तक वैकल्पिक व्यवस्था हो

पीड़ित परिवारों को समय पर सेवा मिले ताकि उन्हें इधर-उधर न भटकना पड़े

स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल

इस शिकायत ने एक बार फिर झाबुआ जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जहां एक तरफ सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के दावे करती है, वहीं दूसरी तरफ ऐसे बुनियादी मुद्दे नजरअंदाज हो जाते हैं।

स्वास्थ्य विभाग को चाहिए कि इस गंभीर मुद्दे पर तुरंत संज्ञान लें। आखिर एक व्यक्ति की मौत के बाद उसके परिजनों को सम्मानजनक और सहज प्रक्रिया के तहत न्याय मिलना चाहिए, हालांकि की जनसुनवाई में आए आवेदनो पर त्वरित निराकरण के निर्देश दिए जाते हैं, लेकिन अमल हो नहीं पाता!



# भारत रत्न, बाबा साहेब डॉ. भीमराव जी अंबेडकर की जयंती पर तराना विधायक निवास पर जन्मजयंती मनाई गई



**अरशद जागीरदार** तराना कल नगर में माली खेड़ी रोड पर स्थित विधायक निवास पर तराना नगर के कांग्रेस परिवार द्वारा भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न, बाबा साहेब डॉ. भीमराव जी अंबेडकर की जयंती पर तराना विधायक निवास पर जन्मजयंती मनाई गई इस मौके पर तराना विधायक द्वारा कांग्रेस परिवार को संबोधित करते हुऐ बताया गया कि डॉ भीमराव अंबेडकर जी भारतीय संविधान के निर्माता थे उनके द्वारा संविधान में सभी के लिए समान स्थान दिया गया है सभी समाज जन डॉ भीमराव अंबेडकर साहब को मानते हैं तथा उनके बनाए हुए संविधान चलते है डॉ भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती पर उन्हें पुष्प अर्पित करने पहुंचे तराना विधानसभा विधायक श्री महेश परमार ,तराना नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री रुपेश परमार ,उपाध्यक्ष शामिल कुरैशी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, श्री गजराज सिंह चौहान ,श्री संजय यादव, पवन बारोड ,धर्मेद्र गुर्जर, पार्षद द्वारकाधीश शर्मा, पार्षद विनोद सोनी ,पार्षद शेख यासीन , मोहसिन जागीरदार,पार्षद दीपक जनौलिया ,पार्षद शाहिद मेंव, पार्षद सदानंद दीक्षित, पूर्व उपाध्यक्ष सुल्तान खान, और पार्षद दीपक दवे पुरुषोत्तम ठाकुर, सिद्धिक खान सिलावट, नरेंद्र कानडी ,फिरोज खान अरबाज जागीरदार गोलू ,विधायक प्रतिनिधि प्रदीप वाजपेई, विधायक प्रतिनिधि दीपेश परमार, विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र वर्मा ,विजय कशना और भी अनेक वरिष्ठ और युवा कांग्रेसी कार्यक्रम में उपस्थित रहे

### शंभूपुरा क्षेत्र में एसीबी की बड़ी कार्यवाही

# गिरदावर के लिए रिश्वत लेता दलाल गिरफ्तार

***40 हजार पहले ही ले लिए थे, 55 हजार रुपये लेते रंगे हाथों पकड़ा।***



*शंभूपुरा।ओम जैन शंभूपुरा। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी प्रतापगढ इकाई द्वारा 14 अप्रेल रात्रि में कार्यवाही करतें हुए आरोपी राजेश मीणा गिरदावर (राजस्व निरीक्षक) शम्भूपुरा तहसील चित्तौडगढ जिला चित्तौड़गढ़ के लिए 55,000 रुपये रिश्वत लेते दलाल दिनेश वैष्णव (प्राईवेट व्यक्ति) को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की चौकी प्रतापगढ को एक शिकायत इस आशय की मिली की परिवादी की बामनिया रोड ग्राम पंचायत शम्भूपुरा में 2 आराजी भूमि के कन्वर्जन की ऐवज में 95 हजार रुपये रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा हैं। जिस पर दिनांक 8 अप्रेल को रिश्वत राशि मांग सत्यापन कराया गया। जिसमें आरोपी राजेश मीणा गिरदावर (राजस्व निरीक्षक) शम्भूपुरा तहसील चित्तौडगढ के लिए दलाल दिनेश वैष्णव (प्राईवेट व्यक्ति) द्वारा सत्यापन के दौरान परिवादी से 40,000 रुपये रिश्वत राशि ग्रहण की गई एवं शेष रिश्वत राशि 55,000 दिनांक 14 अप्रेल को लेना तय हुआ जिस पर एसीबी उदयपुर रेंज के उप महानिरीक्षक राजेंद्र प्रसाद गोयल के सुपरविजन में एसीबी प्रतापगढ़ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह के नेतृत्व में आज मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करतें हुए आरोपी राजेश मीणा गिरदावर (राजस्व निरीक्षक) शम्भूपुरा तहसील चित्तौडगढ जिला चित्तौडगढ़ के लिए उसके दलाल दिनेश वैष्णव (प्राईवेट व्यक्ति) को 55,000/- रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथो गिरफ्तार किया गया है। आरोपी राजेश मीणा गिरदावर (राजस्व निरीक्षक) शम्भूपुरा तहसील चित्तौडगढ जिला चित्तौडगढ को कार्यवाही की भनक मिलते ही फरार हो गया जिसकी तलाश जारी हैं। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के सुपरवीजन में कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जावेगा।*

# आज 14 अप्रैल बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जयंती एवं वैशाखी का पवित्र पर्व है

**संजय आचार्य** खरसोद कला 14 अप्रैल 1998 आज से ठीक 27 वर्ष पूर्व खरसौद कलाँ में तत्कालीन मुख्यमंत्री म.प्र शासन आदरणीय राजा साहब दिग्विजयसिह जी के करकमलों से तथा ग्रामपंचायत सरपंच श्री महेश पटेल के अथक प्रयास से खरसौद कलाँ की तक़दीर एवं तस्वीर दोनों बदली थी । यहाँ 125 दुकानों का व्यवसायिक राज़ीवगाँधी मार्केट का लोकार्पण किया गया था । पूर्व में यहाँ यत्रसर्वत्र लोहें व लकड़ी की गुमटियाँ लगी हुई थी। जिसमें लोग अपना व्यापार व्यवसाय करते थे। आयेदिन दुकानों में तोड़फोड़ एवं चोरीया होती थी जिससें व्यापारी वर्ग काफ़ी परेशान रहता था। श्री महेश पटेल के सरपंच बनते ही एक कार्य योजना बनाकर व्यवसायिक मार्केट की रूपरेखा बनाई गई। कहते है कि अच्छे कार्य में अनेकों रुकावटे आती है। किंतु पवित्र भावना से किया जाने वाला हर कार्य सफल होता है। काफ़ी दिक्कतो एवं न्यायप्रणाली में उलझी यह योजना दमतोड़ती नज़र आ रही थी। मगर महेश पटेल की दुरदृष्टि एवं पक्केइरादे से हर कार्य आसान होते चले गये और अंतत 14 अप्रैल 1998 को म.प्र में पहली बार पंचायत स्तरपर इतना बड़ा व्यवसायीक मार्केट बनकर तैयार होकर लोकार्पित किया गया । इस मार्केट के बनने से जहाँ एक और व्यापारिक एवं युवा वर्ग आत्मनिर्भर तथा रोजगाररोन्मूख हुआ। वही ग्रामपंचायत को प्रतिवर्ष इन दुकानो से बतोर किराया क़रीब 5 लाख रुपये की आमदनी होने लगी । श्री महेश पटेल के सरपंच कार्यकाल में म.प्र शासन द्वारा खरसौद कलाँ को श्रेष्ठ पंचायत होने का गौरव भी प्राप्त हुआ । तब से लेकर आज तक ग्राम पंचायत खरसौद कलाँ विकास के नये – नये आयाम स्थापित करते हूए राजीवगाँधी के पंचायती राज व्यवस्था की साकार तस्वीर बनकर उभरी है।





## मध्यप्रदेश के लिधौरा ग्राम से राजेन्द्र सिंह राजपूत ने मध्यप्रदेश में बनाई प्रथम स्थान में अपनी जगह





**जिला ब्यूरो – पुष्पेंद्र सिंह लोधी** दमोह जिले के हटा विधानसभा अंतर्गत आने वाले लिधौरा गांव के निवासी राजेन्द्र सिंह राजपूत जो कि बी. एस. सी. चतुर्थ वर्ष (ऑनर्स) में अध्ययनरत हैं, मध्यप्रदेश के प्रथम ऐसे छात्र बन चुके हैं जिनकी कॉलेज की पढ़ाई अभी पूरी नहीं हुई और रिसर्च करके कम उम्र में ही लिख दी साइंस की पुस्तक। जी हां जिस साइंस की पुस्तक लिखने में लोगों को 20 से 25 साल लग जाते हें लेकिन राजेन्द्र सिंह राजपूत ने 3 साल में ही यह पुस्तक लिख दी जिसका नाम है द स्नेल बुक जो घोंघा प्राणी पर रिसर्च करके लिखी गई है। इस पुस्तक को मध्यप्रदेश के प्रोफेसरों द्वारा रीचेक करवाई गई। फिर ष्ठ.क्चष्ट. शिक्षा अधिकारी द्वारा रीचेक करवाई गई जिसके बाद शिक्षा मंत्रालय और दमोह कलेक्टर ने मंजूरी दे दी। इस बड़ी उपलब्धि पर राजेन्द्र सिंह राजपूत को कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, विश्वविद्यालय न्याय पीठ के सदस्य विधायिका का उमा देवी खटीक, हटा कालेज प्राचार्य डॉ पी के ढाका, प्रोफेसर मुकेश कुमार, प्रोफेसर आशा राठौर, प्रोफेसर शिवानी रॉय ने शुभकामनाएं दीं।

## शैलेन्द्र झंवर बने महेश नवमी आयोजन के संयोजक।



**शंभूपुरा।ओम जैन शंभूपुरा।** हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी माहेश्वरी समाज का स्थापना दिवस महेश नवमी पर्व 4 जून को धूमधाम से मनाया जाएगा। चित्तौड़गढ़ नगर माहेश्वरी सभा नगर अध्यक्ष राकेश मंत्री ने बताया कि इस वर्ष महेश नवमी के आयोजन को लेकर नगर सभा की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई जिसमें आयोजन को लेकर सर्वसम्मति से नगर सभा महामंत्री शैलेन्द्र झंवर को संयोजक एवं अशोक कलंत्री, अशोक न्याति को सहसंयोजक बनाया गया है। नव मनोनीत संयोजक शैलेन्द्र झंवर ने नगरसभा संचालकों एवं समाज जनों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने महेश नवमी पर्व को धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाने को लेकर शीघ्र ही बैठक आयोजित कर विभिन्न समितियों का गठन करने एवं सभी को दायित्व सौंपे जाने की जानकारी दी।

# अगस्त में आयोजित होने वाले भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के नेक्स्टजेन सुपरस्टार 2025 का हुआ शंखनाद

शंभूपुरा।ओम जैन शंभूपुरा। चित्तौड़गढ़ जिला माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा अगस्त 2025 में आयोजित होने वाले भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के नेक्स्टजेन सुपरस्टार 2025 का शंखनाद रविवार देर शाम अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी युवा संगठन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के राष्ट्रीय अर्थमंत्री राजकुमार काल्या एवं अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी युवा संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री प्रदीप लड्ढा के कर कमलों द्वारा किया गया। जानकारी देते हुए चित्तौड़गढ़ जिला माहेश्वरी युवा संगठन के जिला अध्यक्ष लोकेश कुमार समदानी ने बताया कि संगठन की षष्ठम कार्य समिति एवं चतुर्थ कार्यकारी मंडल की बैठक रविवार देर रात स्थानीय बेम्बू हाउस में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि उद्घाटनकर्ता राजकुमार काल्या एवं मुख्य अतिथि के रूप में युवा संगठन राष्ट्रीय महामंत्री प्रदीप लड्ढा उपस्थित थे। युवा संगठन के पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेंद्र झंवर सहित विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी युवा संगठन राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य शशांक बिरला, प्रदेश महामंत्री नितेश लड्ढा, प्रदेश उपाध्यक्ष आयुष गगरानी एवं अथिति के रूप मे सेथी इकाई अध्यक्ष सत्यनारायण हेड़ा, पीयूष शारदा, देव करण समदानी, कृष्ण गोपाल हेड़ा दिनेश सोमानी, दीपक आगाल उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी विनोद न्याती ने बताया की बैठक में चित्तौड़गढ़ जिला युवा संगठन की सभी तहसील एवं इकाइयों के अध्यक्ष महामंत्री सहित जिले में निवास कर रहे राष्ट्रीय एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं कार्यकारी मंडल सदस्य, अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल सदस्य, प्रदेश कार्यकारी मंडल सदस्य, जिला कार्यकारी मंडल सदस्य उपस्थित थे। संगठन के वैभव मुंदड़ा ने बताया की कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान महेश की तस्वीर पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। अतिथियों का स्वागत जिला अध्यक्ष लोकेश समदानी ने किया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में युवा संगठन के पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेंद्र



गगरानी, पूर्व जिला अध्यक्ष भरत लड्ढा, सुनील गदिया, कबीर कॉलोनी इकाई अध्यक्ष राकेश जेतलियाँ सचिव कमल अजमेरा राकेश पोरवाल, मनोज मंडोवरा भी उपस्थित थे। संगठन के ललित लढा ने बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं संगठन दुवारा किये गये कार्यो का पतिवेदन प्रस्तुत किया एबं उनपर विचार विमर्श किया गया एवं माह अगस्त 2025 में युवा संगठन के भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम नेक्स्टजेन सुपरस्टार के आयोजन पर भी चर्चा की गई। सांस्कतिक मंत्री दीपक आगाल ने बताया बैठक में सभी उपस्थित सदस्यों ने अपना अपना स्व परिचय दिया और युवा संगठन को किस प्रकार भविष्य में और भी आगे बढ़ाया जाए और अधिक अधिक संख्या में युवाओं को जोड़ा जाए इस पर चर्चा की गई। जिला खेल मंत्री दिनेश सोमानी ने बताया की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में राजकुमार काल्या ने कहा कि समय और स्थितियां तेजी से बदल रही है और जो व्यक्ति या संगठन समय के साथ अपने आप को नहीं बदलेंगे वह पीछे छूट जाएंगे और उनका अस्तित्व धीरे-धीरे खत्म होने की ओर चला जाएगा। युवा संगठन राष्ट्रीय महामंत्री प्रदीप लड्ढा ने अपने उद्बोधन मे युवा संगठन के कार्यक्रमों की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय युवा संगठन द्वारा जो कार्यक्रम हाथ में लिए गए हैं और सामाजिक व युवा हित में जो योजनाएं चल रही है उनकी जानकारी दी और युवाओं से आव्हान किया कि वह आधिकारिक संख्या में इन योजनाओं से ना केवल स्वयं जुड़े बल्कि अन्य युवक एवं समाज जनों को भी इन योजनाओं से जोड़े और इनका लाभ सभी को दिलाए। राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य शशांक बिडला ने अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा संचालित बसंती लाल मनोरमा देवी काल्या अ. भा. की जानकारी दी। जिला महामंत्री कृष्ण गोपाल हेड़ा ने बताया कि बैठक में अतिथियों द्वारा सांस्कृतिक महोत्सव नेक्स्टजेन सुपरस्टार 2025 का शंखनाद किया गया महोत्सव की पूरी जानकारी दी उन्होंने बताया कि पूरे जिले से प्रत्येक तहसील स्तर इकाई स्तर से युवाओं ने इस बैठक में भाग लिया। जिले मे निवासरत राष्ट्रीय कार्यकारी मंडल सदस्य निर्मल गगरानी अंकित काबरा उत्कर्ष तोतला, मंगल भराड़िया, पियूष नुवाल प्रदेश प्रचार प्रसार मंत्री अंकित जागेटिया, विकास पोरवाल,अनिल गदिया जिला उपाध्यक्ष राजेश काखानी, आशीष काबरा, भानु झंवर जिला संयुक्त मंत्री वैभव मुंधडा, गजेंद्र लड़ा तहसील अध्यक्ष चंद्र प्रकाश न्याती महावीर बाहेती, शैलेंद्र समदानी, राहुल मुंधडा, दीनबंधु सोमानी मनीष डाड अंशुमान बाहेती,नीलेश भूतडा, अंकित पोरवाल, अर्पित पोरवाल, अभिषेक पोरवाल, नीलेश असावा, श्याम नामधरानी, सतीश सोमानी रघुनानदन दूदानी, मुकेश काबरा, रौनक बहेड़िया गोपाल काबरा, लविश कुलदीप, दीपक सोनी पटवारी, अंकित मालीवाल, सतीश मंडोवरा, शुभम भराड़िया,पवन गट्टूयानी मातृशक्ति के रूप में कार्यक्रम नेक्स्ट्जैन सुपर स्टार संयोजक मीना सोमानी,रिंकू चेचानी डॉक्टर इंदिरा बलदवा, स्वेता मंडोवरा, भावना आगाल, भावना न्याती, सेथी इकाई सचिव कैलाश मुंदडा, महिला संगठन सेथी सचिव नीलिमा झंवर, अदिति झंवर सहित सहित जिले की इकाइयों से इकाई अध्यक्ष लोकेश अजमेरा, अभिषेक मुंधडा, कुलदीप जागेटिया अभिनंदन काबरा,यश भण्डारी, जयेश काखानी हरीश मंत्री, विष्णु बाहेती,पुष्कर बाहेती,अंकित मुंधडा, आशीष मंत्री , चंचल मंत्री, अंकित लढा,वैभव चांडक, मनीष मंडोवरा, हरिश नारानीवाल, प्रदीप न्याती, अजय आगाल, दीपक गदीया, आशीष आगाल ,रौनक हेड़ा, राजेश जागेटिया,भरत आगाल, मनोज मंडोवरा, अनिल मंडोवरा,श्याम बसेर, कैलाश मालू,अनिल जागेटिया, मुकेश आगाल, कमल तोशनीवाल, शोरभ आगाल, अजय धुत, मनोज हेड़ा, अजय सोमानी, अनुराग काबरा सहित सभी इकाई से इकाई सचिव एवं कार्यकारी मण्डल सदस्यो की उपस्थिति रही। बैठक मे कार्यक्रम के स्वागता अध्यक्ष शैलेन्द्र झंवर,सयोजक पियूष शारदा, देवकरण समदानी, सत्यनारायण हेड़ा, विकास पोरवाल, खेल मंत्री दिनेश सोमानी ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये। मंच का संचालन दीपक आगाल एवं ललित लढा ने किया आभार जिला महामंत्री कृष्ण गोपाल हेड़ा ने व्यक्त किया।

## जावद में शोभायात्रा के दौरान नारायण सोमानी सहित युवाओं ने विजय सागरिया से की चर्चा, सोमानी ने सभी अधिकारियों को दिया धन्यवाद



जावद । अध्यात्मिक नगरी जावद में 12 अप्रेल 2025 शनिवार को नीमच दरवाजा स्थित श्री परकोटा हनुमान मंदिर समिति एवं भक्तो के सहयोग से नगर में विशाल शोभायात्रा बैंड,बाजो, ढोल, ढमाको, ताशा पार्टी की थाप पर हाथो में भगवा ध्वज, जय, जयकारो के बीच विभिन्न झांकियो के साथ प्रारम्भ हुई। विशाल शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से निकलकर महाआरती के साथ एतिहासिक तौर पर शोभायात्रा का समापन हुआ। विशाल शोभायात्रा के दौरान खुर्रा चौक पर नीमच के बघाना थाना प्रभारी रहे विजय सागरिया पुलिस बल के साथ हर एक गतिविधियों पर पैनी नजरे जमाते हुए मुस्तैद थे। शोभायात्रा खुर्रा चौक से शांतिपूर्वक निकलने के बाद विशाल शोभायात्रा में ही शामिल पत्रकार प्रेस सेवा समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रेस क्लब जावद संरक्षक नारायण सोमानी, समाजसेवी संदीप बाफना, अंकुर बीकानेरीया, मोहित एरन, कन्हैयालाल वीरवाल जैन सहित सदस्यों ने बघाना थाना के थाना प्रभारी रहे विजय सागरिया से चर्चा करके आभार माना। प्रेस क्लब जावद संरक्षक नारायण सोमानी ने शोभायात्रा के दौरान खुर्रा चौक स्थित जामा मस्जिद के पास जावद एसडीओपी निकिता सिंह, तहसीलदार मयूरी जोक, थाना एसआई टीआर चौहान, पटवारी दिलीपसिंह चुंडावत, हैड प्रहलाद चंद्र कतिरिया, सुचना संगलन के रवि पांडे, रविंद्र पाटीदार सहित शासन, प्रशासन के मौजूद सभी अधिकारियों को हनुमान जन्मोत्सव की शुभकामनाए देकर धन्यवाद दिया।

## थाना प्रभारी शिकारपुरा द्वारा गठित टीम में इच्छापुर हाईवे आई.टी.आई कॉलेज के पास हुए अंधेकत्ल का खुलासा कर 04 आरोपियों को किया गिरफ्तार

### प्रेम प्रसंग के चलते मृतक की पत्नी ने प्रेमी व साथियों के साथ मिलकर की पति की हत्या





**रेखा लहासे जिला ब्यूरो** बुरहानपुर- दिंनाक 13.04.25 को आईटीआई कालेज के सामने इंदौर इच्छापुर मार्ग मेन रोड के पास झाड़ियों में मृत अवस्था में शव मिलने की सूचना मिली, सूचना पर थाना शिकारपुरा पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल पर पहुच कर जांच पढताल करते मृतक की पहचान राहुल उर्फ गोल्डन पिता रामचन्द्र पाण्डेय कुन्बी पाटील निवासी शाहपुर के रूप मे हुई, जो थाना शिकारपुरा पर मर्ग क्रं. 06/2025 धारा 194 बीएनएसएस का कायम कर जांच में लिया गया। जांच के दौरान मृतक के शरीर पर अनेक गंभीर प्राणघातक चोटे एवं मृतक के शव की शार्ट पीएम रिपोर्ट के आधार पर, अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना शिकारपुरा पर अपराध क्रमांक 126/25 धारा 103(1), 238 बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार पाटीदार के निर्देशन, अति. पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश के मार्गदर्शन में श्रीमान नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल, थाना प्रभारी शिकारपुरा के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम द्वारा निरंतर प्रयास करते मृतक राहुल की पत्नि जो की घटना दिनांक से ही फरार थी जिसका युवराज नाम के व्यक्ति से प्रेम प्रसंग था जो प्रेमी युवराज को संदेह के आधार पर अभिरक्षा मे लेकर पुछताछ करते उसके द्वारा स्वीकार किया गया की मृतक की पत्नि एवं मैने साथ मिलकर राहुल की हत्या का प्लान बनाया था। घटना दिनांक 12.04.25 को रात्रि करिबन 08ः00 से 08ः30 बजे मृतक की पत्नि ने मुझे विडीयो कॉल कर राहुल का मृत शरीर खुन से सना हुआ दिखाया एवं बोली की काम हो गया है। बाद मृतक की पत्नि , अपचारी बालक एवं ललित तीनों उज्जैन या मुम्बई का बोल कर चले गये । प्रकरण विवेचना के दौरान राहुल की फरार पत्नि को मुखबीर सूचना पर अपने साथी अपचारी बालक एवं ललित के साथ सावेर इंदौर से शंका के आधार पर पुछताछ हेतु अभिरक्षा मे लिया गया जिससे सकती से पुछताछ करते बताया की मैने अपने प्रेमी युवराज के साथ मिलकर अपने पति राहुल की हत्या की योजना बनाई एवं योजना अनुसार आई टी आई टी कॉलेज के आस पास ब्रेकर पर घटना को अंजाम देना तय हुआ जिसकी पूर्व सूचना मैने युवराज के दोस्त अपचारी बालक व ललित को दी थी। घटना दिनांक 12.04.25 को मै अपने पति राहुल को शाम करिबन 06ः00 बजे अपने परिवार वालों को यह बता कर ले गई थी कि हम बुरहानपुर शॉपिग करने जा रहे है फिर मैने एवं मेरे पति राहुल बुरहानपुर बाजार करने गये वापसी मे हम दोनो ने संजय ढाबे पर खाना खाया योजना अनुसार तब तक अपचारी बालक एवं ललित पुराना आर टी ओ बेरियर पर हमारे आने का इंतजार करेगे खाना खाने के बाद जब हम दोनों निकले तो पुराना आर टी ओ बेरियर से ललित व अपचारी बालक भी हमारे पिछे पिछे गाडी से चलने लगे मैने ने अपनी चप्पल आई टी आई कॉलेज के सामने ब्रेकर पर गिरा दी तथा राहुल को गाडी रोकने का बोला राहुल ने जैसे ही गाडी रोकी तो पिछे से ललित एवं अपचारी बालक अपनी मोटर साईकल से आये और राहुल को पकड कर रोड किनारे झाडीयो मे ले गये वहां पर पहले से ही पडी हुई बियर की खाली बोतल से मृतक की पत्नि ने राहुल के ?सिर पर मारा जिससे राहुल बेसुध हो गया जिसे अपचारी बालक एवं ललित ने झडीयों के निचे गडडे मे धक्का देकर ?गिरया फिर अपचारी बालक ने वहा पर पडी दुसरी बियर की बोतल से राहुल के सर पर मारा एवं अपने पास रखी गुप्ती निकाल कर राहुल की गर्दन, पिट हाथ, सर पर एवं पेट पर कई बार वार किये फिर उसी गुप्ती से ललित ने राहुल के शरीर के सभी हिस्सों पर कई बार वार किये जिससे राहुल की मौक पर ही मौत हो गई फिर मै अपचारी बालक एवं ललित के साथ रावेर रेल्वे स्टेशन पहुची एवं वहा से ट्रेन मे बैठकर ईटारसी चले गये ईटारसी उतरने के बाद बस से उज्जैन जाने के लिये निकल गये। सम्पुर्ण घटना क्रम के दौरान मृतक की पत्नि अपचारी बालक , ललित एवं मृतक की पत्नि का प्रेमी युवराज आपस मे मोबाईल से सम्पर्क मे थे ।

**गिरफ्तार आरोपीगण** 01.भारत उर्फ युवराज पिता कैलाश पाटील जाति माली उम्र 20 वर्ष निवासी ग्रामकोदरी शाहपुर बुरहानपुर

02.ललित पिता संतोष पाटील उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम कोदरी शाहपुर बुरहानपुर

03. मृतक की पत्नि


04.अपचारी बालक

सराहनीय भुमीका– निरीक्षक कमल सिंह पंवार, उनि हेमेन्द्र सिंह चौहान, उनि अलीमउददीन, सउनि मेहफुज अली, सउनि देवेन्द्र पाटील एवं स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

## दमोह जिला में कुछ शिक्षक फर्जी दस्तावेज लगाकर कर रहे नौकरी

### शिक्षित युवा डिग्री धारी आज भी घूम रहे बेरोजगार

**जिला ब्यूरो - पुष्पेंद्र सिंह लोधी** दमोह– जिला के जबेरा जनपद अंतर्गत विभिन्न स्कूलों में फर्जी दस्तावेज लगाकर नौकरी कर रहे कुछ शिक्षक संदेह के घेरे में है इनमें से कई शिक्षक 10 से 20 साल या उससे भी अधिक नौकरी कर चुके हैं लेकिन इतने लंबे समय बीत जाने के बाद भी अवसर उनके दस्तावेजों की जांच नहीं कर पाए उल्टा शिकायत होने पर जांच दबा दी गई नतीजा यह शिक्षक अब तक करोड़ों रुपयों तनख्वाह ले चुके हैं जब शिकायत तो पर कार्रवाई नहीं हुई तो मामला कोर्ट पहुंचा आप कोर्ट ने एक माह में इन शिक्षकों की खिलाफ हुई कार्रवाई की जानकारी याचिका करता को देने का आदेश किया है जिन शिक्षकों की अंकसूची संदेह के घेरे में है। मालूम होता है कि आरटीआई कार्यकर्ता अमित शर्मा ने डीईओ जेडी और आयुक्त से शिकायत की



थी 1 वर्ष तक कोई कार्रवाई तो शिकायतकर्ता अमित शर्मा ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई शिक्षा विभाग का यह कहना है कि जांच कराई गई है लेकिन अभ्यर्थी इस जांच से संतुष्ट नहीं है वे विश्वविद्यालय से दोबारा दस्तावेज निकलवाने की मांग कर रहे हैं कोर्ट के आदेश के बाद अब इन शिक्षकों के दस्तावेजों की जांच कर के वस्तुस्थिति से अवगत कराना होगा

**इन शिक्षकों के यह दस्तावेज संदेश है** 1) कामता प्रसाद शुक्ला खमरिया बिजोरा ब्लॉक जबेरा फर्जी विकलांग प्रमाण पत्र पर नौकरी कर रहे हैं

2) कल्याण प्रसाद झारिया तेजगढ़ संकुल में फर्जी डी एड की मार्कशीट के आधार पर नौकरी कररहे हैं

3) भगवान सिंह बमोरी माला संकुल डी एड की फर्जी अंक सूची लगाकर शासकीय नौकरी कर रहे हैं

4) अल्पना जैन संकुलपुरा बैरागढ़ में b.Ed की अंकसूची फर्जी लगाकर शासकीय नौकरी कर रही है

5) अनीता जाटव शासकीय माध्यमिक शाला घनगौर

6) ममता खरे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूखेड़ा

## जिला अस्पताल बुरहानपुर के डॉक्टर्स को मिली विशेष उपलब्धि

### विशेष देखभाल, कंगारू मदर केयर से शिशुओं का बढ़ा वजन

**जिला ब्यूरो चीफ रेखा लहासे** बुरहानपुर/– जिला अस्पताल के डॉक्टरों को स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल हुई। इस उपलब्धि से डॉक्टर्स में हर्ष व्याप्त है। हम बात कर रहे है, जिला अस्पताल बुरहानपुर के विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई की। इकाई में 28 सप्ताह और 33 सप्ताह के गर्भकालीन आयु में डिलीवरी होने पर नवजात शिशुओं को डॉक्टर्स की विशेष निगरानी में रखा गया था। इस इकाई में गंभीर स्थिति पर शिशुओं को रखा जाता है तथा डॉक्टर्स और नर्सिंग स्टॉफ द्वारा समय-समय पर उचित देखभाल की जाती है। इन शिशुओं को बेहतर उपचार मिलने पर अब यह स्वस्थ्य है और सुखद रूप से



परिजनों को सौंपने पर परिवार के सदस्यों के चेहरे खुशी से खिल उठे है। यह दो मामले बहादरपुर एवं हमीदपुरा के है। प्रीमेच्योर बच्चों को सांस लेने में तकलीफ होने एवं कम वजन होने पर उन्हें एसएनसीयू में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर्स व नर्सिंग स्टॉफ द्वारा कंगारू मदर केयर व एक्सप्रेस्ड ब्रेस्ट मिल्क एवं उचित देखभाल व उपचार दिया गया। जिससे शिशुओं के स्वास्थ्य में धीरे-धीरे सुधार होने लगा और उनका वजन भी बढ़ने लगा। स्वस्थ्य होने पर उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया। इस उपलब्धि पर कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने जिला अस्पताल बुरहानपुर के डॉक्टर्स एवं नर्सिंग स्टॉफ को बधाई एवं शुभकामनायें दी है।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती मनाकर जल गंगा संवर्धन अभियान का दिया संदेश

### निर्देशक डॉ. लाड़ ने ग्रामीणों को बताया जल संरक्षण का महत्व

**जिला ब्यूरो चीफ रेखा लहासे बुरहानपुर– शासन के महत्वपूर्ण अभियान जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सोमवार को मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा विकासखंड खकनार अंतर्गत ग्राम अमुल्लाखुर्द में जन अभियान परिषद के कार्यपालक निर्देशक डॉ. बकुल लाड़ की उपस्थिति में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल का शुभारंभ डॉ.भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर डॉ.अंबेडकर जी के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर, उनके जीवन पर**



**प्रकाश डाला गया एवं उनके आदर्शों से अवगत कराकर ग्रामीणों को प्रेरित किया गया। इस दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाने के लिए निर्देशक डॉ. बकुल लाड़ ने ग्रामीणों को जल संरक्षण का महत्व बताया। उन्होंने ग्रामीणजनों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस अभियान में सभी की सहभागिता आवश्यक है। जल ही जीवन है हमें इसे बचाने के लिए प्रयास करना है। कार्यक्रम के समापन पर पौधारोपण व ग्राम की नदी में श्रमदान कर गहरीकरण का कार्य प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष रामलाल पल्लवी, नवांकुर संस्था बसंत गावस्कर, रंजीत राठौर सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विकासखंड समन्वयक खकनार अमजद खान द्वारा किया गया।**

# सभी को प्रण लेकर आगामी सितम्बर 2025 तक उक्त असाक्षर छात्रों को चिह्नित कर शिक्षा से जोड़ने का प्रयास करे - कलेक्टर डॉ बेडेकर



**संजय राठौड़ जिला ब्यूरो अलीराजपुर**– कलेक्टर डॉ अभय अरविंद बेडेकर की अध्यक्षता में जिला शिक्षा विभाग की योजनाओं क्रियान्वयन एवं अन्य के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्टर सभा कक्ष में किया गया । इस दौरान जिले के जिले समस्त बीईओ एवं बी आर सी सहित समस्त हाई सेकेंडरी एवं हाई स्कूल के प्राचार्य भी उपस्थित थे । इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले की समस्त शासकीय विद्यालयों में अकादमिक नवीन सत्र प्रारंभ किया जा चुका है। समस्त विद्यालयों के प्राचार्य को आपार आई डी , पाठ्य पुस्तक वितरण , नवभारत साक्षरता सर्वे , छात्रवृत्ति आदि कार्यों के लिए समस्त बीईओ , बीआरसी एवं प्राचार्य को निर्देशित किया गया । इस दौरान कलेक्टर डॉ बेडेकर ने आपार आईडी की समीक्षा करते हुए कहा शासन की मंशा अनुरूप प्रत्येक छात्र की आपार आईडी बनाने का कार्य काफी महत्वपूर्ण है , यह उनके शैक्षणिक इतिहास, मार्कशीट, डिग्री, और अन्य प्रमाण पत्रों को डिजिटल रूप से संग्रहीत करने और प्रबंधित करन

# सूने मकानों में नकबजनी कर लाखों की चोरी करने वाला शातिर अंतर्राज्जीय चोर गिरोह पुलिस थाना लसुडिया की गिरफ्त में

## बदमाश लग्जरी कार रेंट पर लेकर कॉलोनियों में भ्रमण करके सूने मकानों में आधुनिक उपकरणों से दरवाजा काटकर वारदात को देते थे अंजाम ।

## आरोपी व उसके साथियों से अपराध में प्रयुक्त वाहन टाटा पंच गाडी व सोने के आभूषण कीमती करीबन व चोरी के पैसो से खरीदे गये दो आईफोन मोबाईल फोन कुल 8 लाख रुपये का मशरुका किया गया जप्त।

**राजेश पिल्ले** इंदौर– शहर में संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने एवं चोरी/नकबजनी वारदातों को अजांम देने वाले आरोपियो को गिरफ्तार कर माल मश्रुका जप्त करने के निर्देश पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर संतोष कुमार सिंह एवं अति. पुलिस आयुक्त नगरीय इन्दौर (कानून व्यवस्था) अमित सिंह द्वारा दिये गये है। उक्त निर्देशों के पालन मे पुलिस उपायुक्त जोन– 2 अभिनय विश्वकर्मा के द्वारा अति. पुलिस उपायुक्त जोन – 2 अमरेन्द्र सिंह एवं सहायक पुलिस आयुक्त विजयनगर आदित्य पटले के नेतृत्व में चोरी व नकबजनी के आरोपियो को पकडने के लिये एक टीम का गठन कर कार्यवाही के लिए समुचित दिशा निर्देश देकर कार्यवाही के लिए लगाया गया। उक्त निर्देशों पर कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में सतत् भ्रमण कर आसूचना संकलित की जाकार आज दिनांक को पुलिस टीम द्वारा महालक्ष्मी नगर मे हुई नकबजनी की घटना का पर्दाफाश कर 03 आरोपियो के गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

घटना का संक्षिप्त विवरण – पुलिस थाना लसुडिया पर दिनाँक 03/04/25 को फरियादी शिवांशु वर्मा निवासी आर–5 महालक्ष्मीनगर इंदौर द्वारा थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट किया कि मैं उपरोक्त पते पर रहता हूँ तथा फायनेंस सर्विस उपलब्ध कराने का काम करता हूँ दिनांक 27/03/2025 को परिवार सहित विदेश घूमने चला गया था। दिनांक 02/04/25 को मेरे पडोसी प्रफुल्ल जोशी ने फोन कर चोरी होने की सूचना दी जिस पर वापस आकर देखते घर में रखे सोने चांदी के जेवर व नगदी कोई अज्ञात चोर चुरा ले गये हैं। उक्त सूचना पर थाना लसुडिया पर अपराध क्र 371/25 धारा 331(4),305 (ए) चीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस टीम द्वारा विवेचना के दौरान घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे चैक करने पर उक्त जानकारी मिली की घटना स्थल पर कुल 04 आरोपी एक सफेद रंग की टाटा पंच गाडी से आये थे व संपूर्ण इलाके में घटना करने हेतु घूम रहे थे, सुना मकान मिलने पर उक्त आरोपियो द्वारा घटना की वारदात को अंजाम दिया गया। सीसीटीवी फुटेज में पाए गए गाड़ी हुलिए तथा उसके जाने के रूट के आधार पर यह निश्चित हो गया था कि बदमाश भोपाल शहर में ही कहीं निवास करते हैं। बाद टेक्नीकल डेटा व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियो की तलाश करते टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की उक्त चोरी में लिप्त आरोपियो के नाम 1. अंकित गुजरे उर्फ अकिंत डांसर पिता बाबू गुजरे उम्र 25 साल नि बाग मुगलिया भोपाल 2. बलराम प्रजापति पिता रमेश प्रजापति उम्र 22 साल नि ग्राम बडोनिया तालाब तह. नरसिंहगढ हाल मुकाम 74 दानिश नगर बाग मुमलिया भोपाल 3. रवि पिता गणेश खरात उम्र 22 साल नि 03 ओम नगर बाग सेवनिया भोपाल हाल मु 74 दानिश नगर बाम मुमलिया भोपाल व 4. विजय डिंडोरिया पिता मुकेश डिंडोरिया निवासी राजश्री नगर भोपाल का होना ज्ञात हुआ व ज्ञात हुआ कि आरोपी अंकित गुजरे के विरुद्ध भोपाल व अन्य जगह करीबन 30 अपराध जिनमे लूट / चोरी / नकबजनी के दर्ज है।

बाद आरोपियो की तलाश भोपाल में करते मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की उक्त आरोपी चोरी करने के लिये पुनः टाटा पंच गाडी से इंदौर गये हैं जिस पर टेक्निकल आधार पर कार्य करते हुये उक्त आरोपीगण ङ्क

1 अंकित गुजरे उर्फ अकिंत डांसर पिता बाबू गुजरे उम्र 25 साल नि ग्राम झामटी तह. आठनेर जिला बैतूल हाल मुकाम 378 नई बस्ती बाग मुगलिया भोपाल (कुल – 30 अपराध)

2. बलराम प्रजापति पिता रमेश प्रजापति उम्र 22 साल नि ग्राम बडोनिया तालाब तह नरसिंहगढ हाल मुकाम 74 दानिश नगर बाग मुगलिया भोपाल (कुल –13 अपराध)

3. रवि पिता गणेश खरात उम्र 22 साल नि 03 ओम नगर बाग सेवनिया भोपाल हाल मु 74 दानिश नगर बाग मुगलिया भोपाल (कुल – 02 अपराध)

मंगलवार को इंदौर बायपास के पास सिल्वर पार्क कालोनी के पास से मय टाटा पंच गाडी सफेद रंग की व आरोपियो से चोरी गया सोने का मश्रुका कीमती करीबन 1.5 लाख रुपये व आरोपियों द्वारा चोरी के पैसो से खरीदे गये दो आईफोन मोबाइल फोन कीमती करीबन 1.5 रुपये कुल मश्रुका 3 लाख रुपये का जप्त किया गया। आरोपियो से पूछताछ पर आरोपियो द्वारा अपने अन्य साथी विजय पिता मुकेश डिंडोरिया पर शेष चोरी गया मश्रुका होना बताया गया है जिनसे उक्त संबंध में पूछताछ की जा रही हैं। उक्त नकबजनी की पतासाजी में थाना प्रभारी लसुडिया तारेश सोनी, व उनकी टीम उप निरीक्षक मुकेश झारिया उप निरीक्षक अरुण मलिक, उप निरीक्षक संजय विश्नोई एवं पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही।

# विद्यार्थी मिल-जुलकर पढ़ाई करना चाहते हैं मेरी बहुत-बहुत

## शुभकामनायें-विधायक जयंत कुमार मलैया

## 50 विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है



**दमोह** स्व. श्री चन्द्रकांत सोनवलकर जी की स्मृति में ग्रंथालय का एक्सटेंशन हुआ है, आज कल सिस्टम बदल गया है, विद्यार्थी मिल–जुलकर पढ़ाई करना चाहते है, मेरी बहुत– बहुत हार्दिक शुभकामना? इसका पूरा लाभ विद्यार्थी उठायें । यह बात आज दमोह विधायक जयंत मलैया ने स्थानीय पुरानी कलेक्ट्रेट में ग्रंथालय के शुभारंभ अवसर पर कही। जिला शिक्षा अधिकारी एस.के नेमा ने कहा आज के समय में ट्रेंड चल गया है, कि बच्चे जो हैं, घर में उतनी अच्छी स्टडी नहीं कर पाते हैं, जितने की मिल–जुल के लाइब्रेरी में इकट्ठे होकर अपने–अपने क्षेत्र में एक दूसरे से डिस्कॅशन करके वह कॉन्सन्ट्रेशन के साथ पढ़ सकते हैं। वैसी ही व्यवस्था हमारे यहाँ पर पूर्व में जिला पंचायत भवन में थी उसके बाद कलेक्टर श्री कोचर ने अतिरिक्त कक्ष वहाँ पर दिया। वहाँ पर भी विद्यार्थी बन नहीं पाए इसके बाद आवश्यकता को देखते हुए कलेक्टर सर ने यहाँ पर एक और रूम प्रदाय किया। फर्नीचर दिया है, और बच्चों को अच्छी से अच्छी अध्ययन व्यवस्था मिले और वह आगे आने वाले कॉम्पिटिशन में सफल होकर अधिकारी बन सके इस तरीके का प्रावधान रखा गया है। लाइब्रेरियन मोहिनी ठाकुर ने बताया यह लाइब्रेरी पुरानी जिला पंचायत में पहले से संचालित थी और यह वहाँ पर 200–250 छात्रों के बैठने की व्यवस्था थी लेकिन कलेक्टर सर और जिला शिक्षा अधिकारी श्री नेमा जी के सहयोग से और विधायक जी सबके सहयोग से एक और लाइब्रेरी यहाँ खोली गई है, जो महिला बाल विकास भवन के ठीक बाजू में व्यवस्थाएँ की गई है, अभी फ़िलहाल 50 छात्रों के लिए बैठने की व्यवस्था है, और जो बच्चे पहले आएँगे उनको पहले सीट मिल जाएगी। यहाँ पर सीट फिक्स रहेंगी। ऐसा नहीं रहेगा की बाहर से कोई नया विद्यार्थी आ रहा है, तो उसको यहाँ पर एंटर किया जाएगा। जो विद्यार्थी पहले से रजिस्टर्ड रहेंगे केवल वह ही बच्चे यहाँ पर बैठ जाएंगे और इसी उम्मीद के साथ यह नई लाइब्रेरी खोली गई है, की आगे भविष्य में विद्यार्थी यहाँ पर और उन्नति करेंगे। एक छात्र ने कहा मैं जिला प्रशासन और लाइब्रेरी प्रशासन को धन्यवाद करना चाहता हूँ कि उन्होंने एक नया संस्थान ओपन किया है, जो कि सुचारू रूप से बच्चों को मददगार ही होगा। राहुल पटेल कहते हैं आज यहाँ पर लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया है, जो स्वर्गीय चंद्रकांत सोनवलकर जी की स्मृति में किया गया है, और यह जो विद्यार्थी अध्ययन करते है, उनके लिए बहुत ही शानदार है, तो इसके लिए मैं जिला प्रशासन का आभारी हूँ। एक छात्र अरविंद पाठक कहते हैं हम छात्रों को आज ज्ञान कुंज अध्ययन केंद्र मिला है, जिसको लेकर सभी छात्र उत्साहित है, इसके लिये में जिला प्रशासन को धन्यवाद देना चाहता हूँ।

## जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित ।



**संजय राठौड़ जिला ब्यूरो** अलीराजपुर – सुप्रीम कोर्ट द्वारा मोटरयान अधिनियम 1988 के अतंर्गत सड़क दुर्घटनाओं की मॉनिटरिंग करने एवं सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए गठित जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक कलेक्टर डॉ अभय अरविंद बेडेकर एवं पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास की अध्यक्षता में आयोजित की गई । इस बैठक में जिले में ओवरलोडिंग की समस्या, अत्यधिक दुर्घटना ब्लैक स्पॉट , पार्किंग समस्या , सड़क संकेतक की उपलब्धता के विषय आदि विषयों पर चर्चा की गई । जिससे दुर्घटनाओं को कम किया जा सके । शहर में अतिक्रमण की समस्या से होने यातायात की समीक्षा करते हुए पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास ने कहां लगातार शहर में हो रहे अतिक्रमण के खिलाफ कार्यवाही आगामी दिनों में भी जारी रहेगी । मुख्यालयों के सभी प्रमुख मार्ग को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए पुलिस विभाग के साथ साथ राजस्व अमले को शामिल कर कार्यवाही की जाएगी । इस दौरान कलेक्टर डॉ बेडेकर ने निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में ओवरलोडिंग गाड़ियों के कारण काफी दुर्घटना हो रही है । इस पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने के लिए उक्त

# डॉ.अंबेडकर जी ने जो काम किया है वह वास्तव में अद्भुत

## अविस्मरणीय काम हैं- संस्कृति राज्यमंत्री श्री लोधी

## ग्राम हर्रई और परासई में आयोजित कार्यक्रमों में हुये शामिल




**दमोह** प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी ने ग्राम हर्रई और परासई में आयोजित डॉ. भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती कार्यक्रम में शामिल हुये और बाबा साहब के चित्र पर माल्यापर्ण किया। संस्कृति राज्यमंत्री श्री लोधी ने क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा हम सभी यहाँ डॉ. अंबेडकर जी की जयंती मनाने के लिए एकत्रित हुए हैं, डॉ. अंबेडकर जी ने जो काम किया है, वह वास्तव में अद्भुत अविस्मरणीय काम है, जिस संविधान को लेकर पूरा देश काम कर रहा है, वह संविधान का निर्माण हमारे बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी ने किया, जिसके कारण आज हम सब एक साथ बैठे हैं। सब एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं, कहीं ना कहीं यह अलख जगाने का किसी ने काम किया है, तो हमारे डॉ. भीमराव अंबेडकर जी ने किया है।

# डॉ.अंबेडकर जी ने देश को एक संविधान दिया जिसके तहत देश का प्रत्येक



## नागरिक कानून के दायरे में रहता है-पशुपालन राज्यमंत्री श्री पटैल

## राज्यमंत्री श्री पटैल ग्राम जोरतला, बांसाकला के कार्यक्रम में हुये शामिल

## पथरिया में डॉ.अंबेडकर की मूर्ति पर किया माल्यार्पण

**दमोह॰** प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल आज ग्राम जोरतला और बाँसाकला में आयोजित डॉ. भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती समोराह में शामिल हुये। उन्होंने पथरिया में डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। पशुपालन राज्यमंत्री श्री पटैल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्मदिवस के अवसर पर बहुत-बहुत शुभकामना एवं बधाई देता हूँ, डॉ अंबेडकर जी ने इस देश को एक संविधान दिया, जिसके तहत देश का प्रत्येक नागरिक कानून के दायरे में रहता है, उनके दिए संविधान को समय-समय पर संशोधन करते हुए, जनता के कल्याण के लिए और योजनाएं बना करके जनता तक पहुंचाने का काम करते हैं। इस अवसर पर उन्होंने सबको पुन॰ शुभकामनाएं दी।

# जावद पुलिस ने राजधानी बस से अवैध मादक पदार्थ जप्त किया, तस्कर हो गया फरार



**नारायण सोमानी** नीमच- जिले में एसपी अंकित जायसवाल के निर्देशन, एएसपी नवलसिंह सिसौदिया, एसडीओपी श्रीमती निकिता सिंह के मार्गदर्शन में जावद थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र कुमार वर्मा की टीम सहायक उपनिरीक्षक धारासिंह सोलंकी को राजधानी बस क्रमांक एमपी.44.जेडसी.9125 के अन्दर किसी अज्ञात यात्री द्वारा बैग छोडकर चले जाने की सूचना मिली थी। तत्काल हमराह फोर्स को लेकर बस स्टेण्ड जावद पहुंचकर बस में रखे दो काले रंग के बैग देखे। उक्त काले रंग के बैग बस से उतारकर उनमें भरा हुआ कुल 36 किलाग्राम कीमती 3 लाख 60 हजार रूपये का अवैध मादक पदार्थ पिसा हुआ डोडाचूरा को जप्त कर थाना जावद पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध एनडीपीएस एक्ट का कायम किया गया आगे की जांच एवं अज्ञात आरोपी की तलाश जारी है।

**कार्यवाही में योगदान**-उक्त सराहनीय कार्यवाही निरीक्षक जितेन्द्र कुमार वर्मा थाना प्रभारी थाना जावद द्वारा गठित टीम सहायक उपनिरीक्षक धारासिंह सोलंकी, कार्य प्रआर. गिर्राज प्रसाद कार्य. प्रआर. सुरेश पाटीदार, आर. मनीष पुनिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



दमोह- दमोह सीएमओ नगर पालिका स्याही कांड में मामला दर्ज। एससीएसटी एक्ट की धाराएं भी लगाई गई, एडीएम की जांच रिपोर्ट के आधार पर सीएमओ नगर पालिका प्रदीप शर्मा व उनके सहयोगी जितेंद्र बंसल के बयानों के आधार पर हुआ मामला दर्ज किया गया है। एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने बताया कि नगर पालिका परिषद सीएमओ प्रदीप शर्मा के चेहरे पर रंग डालने के मामले में एडीएम द्वारा जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही सीएमओ प्रदीप शर्मा ने कोतवाली में हस्तलिखित आवेदन प्रस्तुत किया था। जिसके मजमून के अवलोकन किया गया। जिसमें पाया गया कि विवेक अग्रवाल व छुट्टु यादव द्वारा प्रथम दृष्टया अपराध घटित करना पाया गया है। जिसमें शासकीय कार्य में बाधा डालना, चेहरे पर स्याही लगाकर अनादर करना, एक राय होकर गंदी गंदी गालियां देकर जान से मारने की धमकी देना व बीच बचाव के लिए उनके आवास पर खड़े कर्मचारी जितेन्द्र बंसल के रोकने पर गंदी-गंदी गालियां देकर जाति सूचक शब्दों से अपमानित करने पर जातिगत अपमानित करना पाया गया है। उक्त आवेदन पत्र के मजवून से थाना कोतवाली दमोह में धारा 115(2), 132, 133, 296, 351(3), 351(4), 3 (5) बी एन एस 3 (1)द, 3 (1)ध, 3 (2) व्ही.ए एससीएसटी एक्ट का अपराध आरोपी विवेक अग्रवाल व छुट्टु यादव के द्वारा प्रथम दृष्टया घटित करना पाया गया है। इस मामले में आगे की विवेचना की जा रही है।

**आरोपी पहले हो गए अंडर ग्राउंड** सीएमओ के मुंह पर कालिख पोतने के बाद आरोपी विवेक अग्रवाल व छुट्टु यादव का सार्वजनिक सम्मान होता रहा। नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों ने उन्हें शूरवीर की संज्ञा दी। इसके बाद जैसे ही प्रदेश भर के सीएमओ द्वारा दमोह सीएमओ के पक्ष में आवेदन देने का सिलसिला शुरू हुआ, तभी से तय हो गया था कि अब दोनों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो सकती है। जिसकी भनक दोनों आरोपियों को लग गई थी, जिससे सार्वजनिक तौर पर नजर आने व फेसबुक पोस्ट करने वाले दोनों आरोपी अंडरग्राउंड हो गए। अब कोतवाली पुलिस को इन्हें पकडने् में काफी मशक्कत करनी पड़ सकती है।

**ये है मामला** दरअसल रामनवमी के अवसर पर नगर के हृदय स्थल घंटाघर पर झंडा उतारने को लेकर हिंदूवादी संगठन के द्वारा जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया था। दौरान विवेक अग्रवाल व छुटटू यादव सीएमओ के निवास स्थल पर पहुंचकर उनके साथ अभद्रता करते हुए चेहरे पर स्याही पोत दी थी। इस मामले में कलेक्टर के द्वारा एक जांच कमेटी गठित कर जांच कराई गई थी। जांच रिपोर्ट के बाद शहर की कोतवाली थाने में विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

# भारतरत्न डॉ बाबा साहेब अम्बेडकर जयंती मनाई

**जिला ब्यूरो चीफ रेखा लहासे** बुरहानपुर,आज दिनांक 14 अप्रैल 2025 को भारतरत्न डॉ बाबा साहेब अम्बेडकर जयंती के अवसर पर सर्व आदिवासी समाज कल्याण संगठन एवं आदिवासी अधिकारी कर्मचारी संगठन के सदस्यों द्वारा ग्राम उत्ताम्बी आगजनी पीड़ित 6 आदिवासी परिवारों से मिलकर जनसहयोग से प्राप्त राशि 1 लाख 67 हजार 495 में से 70 हजार रुपये की आवश्यक सामग्री 6 नग बिस्तर पेटी, 6 नग अनाज कोठी, 6 नग पेटी, 6 नग डब्बा सेट(6), शेष राशि 97 हजार रूपये 6 भागों में विभाजित कर प्रत्येक परिवार को 15 हजार 8 सौ रुपये। नगत राशि दी गई। ताकि पीड़ित परिवारो को



जीवन यापन में मदद मिल सके। सर्व आदिवासी समाज कल्याण संगठन आप सभी दान दातावो का आभार करते है। कि आप लोगो ने बढ़ चढ़ कर हमारी आर्थिक मदद की

## वाहन दुर्घटना मे एक व्यक्ति की मौत

**नरेश राठौड़** कुक्षी--नगर के अलीराजपुर रोड स्थित हीरो शो रूम के सामने एक पिकअप वाहन द्वारा मोटरसाइकिल को टक्कर लगने से मोटरसाईकल सवार की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। पिकअप वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया। घटना मे मोटर साईकल सवार विक्रम पिता केरु मुझल्दा ( रोजगार सहायक ) उम्र करीब 38 वर्ष निवासी नैनगांव को सिर मे गंभीर चोट लगने से उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गयी जिसे एम्बुलेंस द्वारा शासकीय सिविल चिकित्सालय लाया गया जहा उसे डॉक्टर ने मृत घोषित किया।

मंदसौर के सरकारी अस्पताल का वीडियो जारी करने के संबंध में प्रकाशित समाचारो के संबंध में वस्तुथिति - सिविल सर्जन डॉ डीके शर्मा

# जिला चिकित्सालय के प्रत्येक वार्ड में 24X7 नर्सिंग ऑफीसर्स की उपलब्धता रहती है

डेस्कमंदसौर सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय द्वारा बताया गया कि, विगत दिनों समाचार पत्रों में ॥मंदसौर के सरकारी अस्पताल का वीडियो जारी होने के संबंध समाचार प्रकाशित हुए है उक्त संबंध में वस्तुथिति स्पष्ट की है। जिला चिकित्सालय के प्रत्येक वार्ड में नर्सिंग स्टेशन है जिस पर 24ङ्7 नर्सिंग ऑफीसर्स की उपलब्धता रहती है। वार्ड में भर्ती मरीजों को जब भी बॉटल लगाई जाती है उस दौरान आवश्यकता होने पर ( जैसे-बाथरूम जाना, ठंड लगना ) मरीज के परिजन नर्सिंग स्टेशन पर ड्यूटी पर तैनात नर्सिंग ऑफीसर का सूचित किये जाने पर नर्सिंग ऑफीसर द्वारा मरीज के पास उपस्थित होकर आवश्यकता अनुसार उपचार/कार्यवाही की जाती है। उक्त घटना के संदर्भ में मरीज के परिजन द्वारा ड्यूटी पर तैनात नर्स को सूचित नहीं कर स्वयं ही मरीज को वॉशरूम ले जाने के लिय बॉटल को हाथ में उठाकर ले गये एवं इसी दौरान मरीज के परिजन रोलर स्विच को एडजस्ट कर रहे थे, उसी दौरान उक्त वीडियो जो कि मात्र 20 सेकेण्ड का है। शूट किया जाकर सोशल मीडिया में प्रसारित किया गया। नर्सिंग ऑफीसर के द्वारा बताया गया कि यह वीडियो पुराना है। उक्त घटना के पश्चात् वार्ड में उपस्थित नर्सिंग ऑफीसर द्वारा मरीज एवं उनके परिजनों को समझाईश दी गई कि आवश्यकता होने पर वार्ड में नर्सिंग स्टेशन पर सूचित करने के पश्चात् ही वॉशरूम जायें। जिला चिकित्सालय में इलेक्ट्रीशियन एवं अन्य सहायक कर्मचारी कार्यरत हैं वार्ड इंचार्ज, नर्सिंग ऑफीसर मेट्रन, स्टीवर्ड, आर.एम.ओ. एवं मेरे द्वारा समय-समय पर चिकित्सालय का राउंड लेकर व्यवस्थायें सुनिश्चित की जाती हैं। वीडियो में दिखाये अनुसार वार्ड में पंखा चलते-चलते रूक जाने पर वार्ड के ही कर्मचारी द्वारा पंखे को ठीक करने के उद्देश्य से चलाकर देखा गया एवं उसके पश्चात् इलेक्ट्रीशियन को बुलवाकर पंखे को तुरंत दुरूस्त कराया गया। जिला चिकित्सालय मंदसौर में लगभग 600 पंखे क्रियाशील अवस्था में है एवं समय-समय पर विशेष रूप से ग्रीष्म काल में इनका मेन्टेनेन्स इलेक्ट्रीशियन एवं सहायक कर्मचारी के द्वारा किया जाता है। जिला चिकित्सालय मंदसौर एनक्यूएएस एवं लक्ष्य सर्टिफाईड संस्था होने के साथ-साथ प्रदेश में अन्य कार्यक्रमों में भी उच्च पायदान पर अपना स्थान रखता है क्वालिटि एश्योरेन्स के विभिन्न प्रोटोकॉल का पालन चिकित्सालय में नियमानुसार किया जाता है।

# दमोह के मिशन अस्पताल में एक और फर्जीवाड़ा उजागर, संचालन मंडल पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

दमोह - दमोह स्थित मिशनरी द्वारा संचालित मिशन अस्पताल एक नए फर्जीवाड़े के चलते सुर्खियों में है। इस बार हार्ट मरीजों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली कैथ लैब के पंजीयन में धोखाधड़ी का मामला सामने आया है, जिसमें अस्पताल के अजय लाल सहित पूरे संचालन मंडल को आरोपी बनाया गया है। इस संबंध में सिटी कोतवाली में आपराधिक मामला दर्ज कर लिया गया है। गौरतलब है कि कुछ समय पहले मिशन अस्पताल में फर्जी कार्डियोलाजिस्ट नरेंद्र यादव का भंडाफोड़ हुआ था, जिसके बाद से अस्पताल में अनियमितताओं की परतें खुलती जा रही हैं। ताजा मामले के अनुसार, हार्ट के मरीजों की एंजियोग्राफी और एंजियोप्लास्टी करने वाली मशीन (कैथ लैब) डॉ. अखिलेश दुबे के फर्जी हस्ताक्षर से स्थापित की गई थी। कलेक्टर द्वारा गठित जांच टीम ने कैथ लैब और कंसोल रूम को सील कर दिया था और अपनी रिपोर्ट मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) मुकेश जैन को सौंपी थी। सीएमएचओ की रिपोर्ट के आधार पर सिटी कोतवाली में मिशन अस्पताल के संचालक और प्रबंधन मंडल के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन ने कैथ लैब का पंजीयन कराने के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार किए और डॉ. अखिलेश दुबे के नकली हस्ताक्षर का उपयोग करके ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के माध्यम से अस्पताल का पंजीयन प्राप्त किया। जांच में यह भी पाया गया है कि इसी कैथ लैब में कुछ मरीजों की एंजियोप्लास्टी के बाद मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में



भारतीय न्याय संहिता, मध्यप्रदेश उपचार गृह एवं रुजोपचार अधिनियम और संशोधित नियमों के तहत अपराध क्रमांक 245/25 दर्ज किया है।

**मामले में 9 आरोपी नामजद** पुलिस ने इस मामले में 9 लोगों को आरोपी बनाया है, जिनके नाम इस प्रकार हैं-

* अशीम न्यूटन, सेन्ट्रल इंडिया क्रिश्चियन मिशन, मारुताल दमोह
* फ्रेंक हैरीशन, सेन्ट्रल इंडिया क्रिश्चियन मिशन, मारुताल दमोह
* इंदू लाल, बेथलेहम केम्पस जबलपुर रोड दमोह
* जीवन मैसी, वैशाली नगर आमचौपरा दमोह
* रोशन प्रसाद, क्रिश्चियन कॉलोनी सिविल वार्ड नं. 5 दमोह
* कदीर यूसुफ, हाउसिंग बोर्ड सिविल वार्ड नं.7 दमोह
* अजय लाल, बेथलेहम केम्पस जबलपुर रोड दमोह
* संजीव लेम्बार्ड, दमोह
* विजय लेम्बार्ड, दमोह

इन सभी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

**दिल में छल्ला फंसाने में गई सात मरीजों की जान** रिपोर्ट्स के अनुसार, ईसीजी और ईको में गड़बड़ी आने के बाद एंजियोग्राफी ही एकमात्र विकल्प होता है, जिसमें कार्डियोलाजिस्ट दिल में छल्ला फंसाने की सलाह देते हैं। दमोह शहर में मिशन अस्पताल में यह सुविधा उपलब्ध होने के कारण बड़ी संख्या में हृदय रोगी यहां इलाज के लिए पहुंच रहे थे। आरोप है कि फर्जी कार्डियोलाजिस्ट नरेंद्र यादव ने मशीन का इस्तेमाल कर गलत तरीके से छल्ले फंसाए, जिसके कारण सात मरीजों की जान चली गई।

**मिशन अस्पताल पर चौथा गंभीर आरोप** यह मिशन अस्पताल पर लगा चौथा गंभीर आरोप है। इससे पहले अस्पताल पर अतिक्रमित जमीन पर बने होने का आरोप है, जिसे हटाने के आदेश भी जारी हो चुके हैं। दूसरा आरोप अजय लाल और उनके बेटे पर कर्मचारियों का धर्मांतरण कराने का है, जिसका मामला भी कोतवाली में दर्ज है। तीसरा मामला फर्जी डॉक्टर एन जोन कैम से जुड़ा था और अब यह चौथा मामला फर्जी कैथ लैब का सामने आया है। आशंका जताई जा रही है कि अस्पताल में फर्जी पैथोलॉजी का पांचवां मामला भी सामने आ सकता है।

**प्रशासन से अस्पताल को अपने नियंत्रण में लेने की मांग** अस्पताल में लगातार सामने आ रहे फर्जीवाड़ों के बाद अब यह मांग उठने लगी है कि प्रशासन को मिशन अस्पताल को अपने नियंत्रण में ले लेना चाहिए। बताया जा रहा है कि मिशनरी के संचालक फरार हो चुके हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि अस्पताल में कार्यरत कर्मचारियों और सुचारू रूप से चल रही व्यवस्था को किसी धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट जैसे सिंधी समाज या गुरुनानक सोसायटी को सौंप दिया जाना चाहिए, या फिर प्रशासन को इसे अपने हाथ में ले लेना चाहिए, जिससे जिला अस्पताल पर पड़ने वाले मरीजों के बोझ को कम किया जा सके।

# विद्युत मंडल के लापरवाह अधिकारी क्या किसी हादसे के इंतजार में ....?



**पंकज गोस्वामी रानापुर-नगर के प्रमुख पुराना अस्पताल तिराहे पर दोपहर के समय बिजली का तार खंभे से अचानक टूट कर गिर जाने से अफरा तफरी मच गई ओर चिंगारियां निकलने लगी जिससे आसपास के लोगों में दशहत फैल गई । तार टूटकर एक रास्ते से गुजर रही पिकअप वाहन पर जाकर टकराया यह तो गनीमत रही कि उस समय तार में करंट नहीं था वरना यह हादसा न जाने कितने की जान लेकर चल अचल संपति का भी नुकसान करता। पुराने अस्पताल तिराहे पर उपस्थित लोगों का कहना है कि तार गिरते ही अस्पताल तिराहे पर अफरा तफरी मच गई। पुराने अस्पताल तिराहे के आसपास रहने वाले ओर दुकानदारों ने बताया कि यह कोई पहली घटना नहीं जो हली बार हुई पहले भी ऐसी घटना 15 दिन पहले भी हुई थी जब इसी बिजली के पोल पर तारों से चिंगारिया निकल रही थी लेकिन विद्युत मंडल के लापरवाह अधिकारी ओर कर्मचारियों को इतनी फुर्सत कहा कि वह शहर की वर्षो पुरानी लाइट व्यवस्था की देखरेख कर सके। आसपास के रहने वाले लोगों में दशहत व्याप्त है और उनका कहना है कि क्या विद्युत मंडल ओर स्थानीय प्रशासन किसी हादसे के इंतजार में है जो होने के बाद वर्षो पुराने विद्युत लाइन के तार बदले जाएंगे। लोगो का यह भी कहना है कि पुराने तार जर्जर हो चुके इनको तत्काल हटाया जाकर नई केबल डाली जावे ताकि कोई घटना दुर्घटना नहीं हो।**

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज नीमच आएंगे





**नीमच 15 अप्रैल 2025 प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आज 16 अप्रैल2025 को वायुयान द्वारा नीमच आगमन होगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव 16 अप्रैल को शाम 4ः00 बजे डुमना एयरपोर्ट जबलपुर से वायुयान द्वारा प्रस्थान कर शाम 5ः15 बजे नीमच हवाई पट्टी पहुंचेंगे। तत्पश्चात मुख्यमंत्री डॉ यादव नीमच हवाई पट्टी से कार द्वारा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल परिसर स्थित हेलीपैड पहुंच कर माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री जी के आगमन पर उनका स्वागत करेंगे। तत्पश्चात मुख्यमंत्री जी केंद्रीय गृहमंत्री जी के साथ स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। शेष कार्यक्रम पृथक से जारी किया जाएगा ।**

## सामाजिक समरसता बढ़ाने और अस्पृश्यता दूर करने में अंबेडकर जी का अविस्मरणीय योगदान- डॉ. आलोक पाण्डेय....

संतोष शर्मा बैरसिया--- सामाजिक समरसता बढ़ाने और अस्पृश्यता दूर करने में अंबेडकर जी का अविस्मरणीय योगदान रहा है । उनका जीवन संघर्षमय रहा है, वे कुशाग्र बुध्दि के थे, उन्होंने सामाजिक कुरीतियों का विरोध किया तथा समानता और बंधुत्व के भाव का विकास किया उक्त विचार प्रसिध्द समाजसेवी और वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. आलोक पाण्डेय ने बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल भोपाल में ¶वर्तमान संदर्भ में डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों की प्रासंगिकता¶ विषय पर आयोजित व्याख्यान माला के मुख्य वक्ता के रूप में व्यक्त किये ।बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर भेल भोपाल में ¶वर्तमान संदर्भ में डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों की प्रासंगिकता¶ विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में प्रसिध्द समाजसेवी और वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. आलोक पाण्डेय ने आगे कहा कि युवाओं को अंबेडकर जी के जीवन से प्रेरणा लेना चाहिए। कार्यक्रम के प्रारंभ में जनभागीदारी अध्यक्ष बारेलाल अहिरवार एवं प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने मुख्य वक्ता डॉ. आलोक पांडे का शॉल, श्रीफल, पौधा एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया । इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थी विजय कश्यप, दिनेश राजपाली, हर्ष नामदेव और अशोक गौतम ने भी अंबेडकर जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला तथा उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया । कार्यक्रम का संचालन डॉ. मीता बादल ने किया तथा आभार डॉ. अनुपमा यादव ने व्यक्त किया।

सखी सैया तो खूब कमात है,

# मंहगाई डायन खाए जात है लाडली बहनो पर अत्याचार नहीं रूका तो आंदोलन होगा - आशा सांभर

राजू पटेल नीमच- तारीख 15 मंगलवार को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन दिया बेटी बचाओ अभियान के तहत जिला महिला कांग्रेस ने प्रदेश में लाडली बहनों एवं मासूम बच्चों के साथ हो रहे अत्याचार दुष्कर्म और सामूहिक दुराचार की घटनाओं के खिलाफ मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती विभा पटेलजी के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सोफा जिला अध्यक्ष आशा सांभर के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में बताया गया की मध्य प्रदेश में बीते 15 वर्षों से भारतीय जनता पार्टी की सरकार है लेकिन इतने लंबे शासनकाल में महिलाओं को सुरक्षा की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है प्रदेश में लाडली बहनों समय मासूम बच्चों के साथ दुष्कर्म एवं उत्पीड़न की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही है महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने कहा कि यह घटना बहुत ही शर्मनाक है समाज और मानवता के लिए कलंक है ज्ञापन में यह भी कहा गया कि महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में मध्य



प्रदेश देश मे नंबर वन पर है यह बेहद चिंताजनक है महिला कांग्रेस ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग की है की अपनी जिम्मेदारी से महिलाओं व बच्चियों की सुरक्षा सुनिश्चित करे ताकि वह खुद को सुरक्षित महसूस कर सके महिला कांग्रेस ने चेतावनी दी की अगर यह अत्याचार नहीं रुका तो जन आंदोलन होगा महिला व बच्चों पर अत्याचार व उत्पीड़न की घटनाएं पर रोक लगाना होगा आज छोटी-छोटी बच्चियों 6 साल से 60 साल की महिला सुरक्षित नहीं है एक और बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा आप देते हैं लेकिन उत्तर प्रदेश की 9ह्वद्ध क्लास में पढ़ने वाली बच्ची अगर फीस जमा कराने में सक्षम नहीं होने पर उसे क्लास से बाहर निकाला जाता है और वह खुदकुशी कर लेती है अगर हम भारत देश को शिक्षित परिवार देखना चाहते हैं तो ऐसे परिवार जो माता-पिता पढ़ाने में सक्षम नहीं है तो उसे हमारी सरकार को उनकी सहायता करनी चाहिए तभी हमारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा सार्थक होगा कार्यक्रम मे उपस्थित महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशा सांभर कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष अनिल चोरसिया प्रदेश सचिव तरुन बाहेती ब्लाक अध्यक्ष राकेश अहिर नेता प्रतिपक्ष योगेश प्रजापति उपाध्यक्ष चेतना लालका अनिता घनेटवाल रिकू राठौड़ जीतो चेयरपर्सन रूकसाना खान ब्लाक अध्यक्ष मंजु चंदेल शमीदा मिरजा बेबी मेहरा कमला बाई अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे महंगाई ने कमर तोड़ रखी है पेट्रोल व डीजल के भाव गैस की टंकी सभी महंगी दिन पर दिन महिला ग्रहणियों के घर का बजट बिगड़ रहा है महिलाओं को अपना घर चलाना मुश्किल हो रहा है दाल सब्जी सभी महंगी किसान परेशान उनके डीजल पेट्रोल के भाव बढ़ने से उनके किसानी पर भी फर्क पड़ा है कमर तोड़ महंगाई से सभी परेशान है युवा महिलाएं किसान व्यापारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे हर तरफ महंगाई की मार कमर तोड़ रही है

# आईपीएल 2025: चेन्नई ने लखनऊ को 5 विकेट से हराया

लखनऊ। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 30वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) को पांच विकेट से हराकर जीत की पटरी पर वापसी की है। यह सीएसके की सात मैचों में दूसरी जीत है। वहीं, लखनऊ को इस सत्र की तीसरी शिकस्त मिली है। सोमवार को इकाना स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ ने 20 ओवर में सात विकेट खोकर 166 रन बनाए। कप्तान ऋषभ पंत ने 63 रन बनाए। इसके अलावा, मिचेश मार्श ने 30, आयुष बडोनी ने 22 और अब्दुल समद ने 20 करन का योगदान दिया। चेन्नई की ओर से रवींद्र जडेजा और मथीशा पाथिराना ने 2-2 विकेट अपने नाम किए जबकि खलील अहमद और अंशुल कंबोज ने एक-एक विकेट मिला। 167 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सीएसके ने तेज-तर्रार शुरुआत की। पहले पांच ओवर में ही टीम ने 52 रन जोड़ डाले। इसी स्कोर पर शेख राशिद 27 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद रचिन रविंद्र ने राहुल त्रिपाठी के साथ 24 रन जोड़े। लेकिन फिर दो लगातार विकेट ने चेन्नई को हिला दिया। रविंद्र 37 रन और राहुल 9 रन बना कर आउट हुए। फिर रविंद्र जडेजा और विजय शंकर भी कुछ खास नहीं कर सके और क्रमशः 7 और 9 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। हालांकि इसके बाद कप्तान एमएस धोनी और शिवम दुबे ने टीम को बिना कोई झटका लगे जीत दिला दी। पारी की तीन गेंद शेष रहते हुए ही सीएसके ने आईपीएल 2025 में दूसरी जीत दर्ज की। शिवम 43 रन और धोनी 26 रन बनाकर नाबाद रहे। लखनऊ के लिए रवि बिश्नोई ने दो विकेट अपने नाम किए। वहीं दिग्वेश राठी, आवेश खान और एडन मार्करम को एक-एक सफलता मिली।



## बार्सिलोना ओपन 2025 : रूब्लेव और रूने ने अंतिम 16 में बनाई जगह

बार्सिलोना, । सोमवार को खेले गए बार्सिलोना ओपन 2025 के मुकाबलों में विश्व नंबर 8 आंद्रे रूब्लेव और डेनमार्क के होल्गर रूने ने दमदार प्रदर्शन करते हुए अंतिम 16 में अपनी जगह बना ली। **रूब्लेव ने डी जोंग को दी करारी शिकस्त** रूसी स्टार आंद्रे रूब्लेव ने पहले दौर में डच खिलाड़ी जैस्पर डी जोंग को 6-1, 6-3 से हराकर टूर्नामेंट में शानदार आगाज किया। बीते कुछ समय से खराब फॉर्म से जूझ रहे रूब्लेव ने इस मुकाबले में आक्रामक खेल दिखाया। पहले सेट में 5वें गेम में ब्रेक गंवाने के बाद रूब्लेव ने अगले छह गेम अपने नाम करते हुए सेट आसानी से जीत लिया। दूसरे सेट में रूब्लेव ने 3-2 की बढ़त बनाई और अंत में डी जोंग की एक लंबी शॉट पर मैच अपने नाम कर लिया। बता दें कि रूब्लेव ने हाल ही में पूर्व वर्ल्ड नंबर वन मारात सफिन को अपना कोच नियुक्त किया है। **रूने ने भी किया शानदार प्रदर्शन** दिन के पहले मुकाबले में डेनमार्क के होल्गर रूने ने स्पेन के अनुभवी खिलाड़ी और संन्यास की घोषणा कर चुके अल्बर्ट रामोस-विनोलस को 7-5, 6-4 से हराकर अंतिम 16 में प्रवेश किया। पिछले हफ्ते मोंटे कार्लो मास्टर्स से फूड पॉइजनिंग के चलते हटने वाले रूने ने यहां 28 शानदार विनर्स लगाए।

# ला लीगा 2024-25: एटलेटिको मैड्रिड ने रियल वायडोलिड को 4-2 से हराया

**मैड्रिड।** अर्जेंटीना के स्टार स्ट्राइकर जूलियन अल्वारेज़ के शानदार दो गोल की मदद से एटलेटिको मैड्रिड ने ला लीगा मुकाबले में रियल वायडोलिड को 4-2 से मात देकर खिताबी दौड़ में अपनी उम्मीदें ज़िंदा रखी हैं। सोमवार रात मेट्रोपोलिटानो स्टेडियम में बारिश के बीच खेले गए इस मुकाबले में अल्वारेज़ ने दोनों गोल पेनल्टी से किए।



**अल्वारेज़ के दो पेनल्टी गोल से मिली जीत** मैच की शुरुआत में ही रियल वायडोलिड ने 21वें मिनट में ममाडू सिल्ला के पेनल्टी गोल से बढ़त बना ली थी। लेकिन इसके बाद एटलेटिको ने वापसी की और 25वें मिनट में जूलियन अल्वारेज़ ने पेनल्टी से गोल कर स्कोर 1-1 कर दिया। चार मिनट बाद ही जुलियानो सिमियोन ने गोल कर एटलेटिको को 2-1 की बढ़त दिला दी।

**वायडोलिड ने दी कड़ी टक्कर** दूसरे हाफ में वायडोलिड ने भी दम दिखाया। 56वें मिनट में जावी सांचेज़ की फ्री किक को कॉनर गैलाघर के डिफलेक्शन ने गोल में तब्दील कर स्कोर 2-2 कर दिया। लेकिन एटलेटिको ने हार नहीं मानी और 71वें मिनट में फिर से पेनल्टी पर अल्वारेज़ ने गोल कर अपनी टीम को 3-2 से आगे कर दिया।

**सॉरलॉथ ने किया मैच का फैसला** मैच के 79वें मिनट में अल्वारेज़ का हैट्रिक गोल करने का मौका भी आया, लेकिन वायडोलिड के गोलकीपर आंद्रे फरेरा ने उसका शॉट रोक लिया। हालांकि, इसके रिबाउंड पर एलेक्जेंडर सॉरलॉथ ने गोल कर स्कोर 4-2 कर दिया और टीम की जीत सुनिश्चित कर दी।

**अल्वारेज़ बोले- महत्वपूर्ण तीन अंक** मैच के बाद अल्वारेज़ ने कहा, ये तीन अंक हमारे लिए बहुत अहम हैं। अब हमें अगले मैच पर ध्यान देना है। हैट्रिक का मौका था, लेकिन टीम की जीत ज्यादा ज़रूरी थी। इस जीत के साथ एटलेटिको मैड्रिड के 63 अंक हो गए हैं और वह तीसरे स्थान पर बना हुआ है। वहीं, वायडोलिड की लगातार यह पांचवीं हार है और वह अब भी 16 अंकों के साथ तालिका में सबसे नीचे है।

# तीन दिन की छुट्टी के बाद झूमकर खुला शेयर बाजार

घरेलू शेयर बाजार तीन दिन की छुट्टी के बाद मंगलवार को सकारात्मक रुख के साथ खुला। इस दौरान सेंसेक्स और निफ्टी में जबरदस्त तेजी देखी गई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 1,750.37 अंक उछलकर 76,907.63 अंक पर पहुंचा, जबकि निफ्टी 539.8 अंक बढ़कर 23,368.35 अंक पर कारोबार करता दिखा।

**ऐसी रही बाजार की चाल**

वैश्विक आशावाद और व्यापार तनाव कम होने की उम्मीदों के बीच मंगलवार को भारतीय शेयर बाजार मजबूती के साथ खुले। यह तेजी अमेरिकी सरकार के हालिया बयानों और टैरिफ पर रोक से जुड़ी कार्रवाइयों के बाद आई। टैरिफ में संभावित राहत के संकेत के बीच निफ्टी 50 इंडेक्स 539.80 अंक या 2.36 फीसदी से अधिक उछलकर 23,368.35 अंक पर खुला,



जबकि बीएसई सेंसेक्स 1,679.20 अंक या 2.23 फीसदी बढ़कर 76,836.46 अंक पर खुला।

**बाजार की धारणा में सुधार**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्रों में और अधिक व्यापार रियायतों के एलान के संकेतों से बाजार की धारणा में सुधार हुआ। बैंकिंग और मार्केट एक्सपर्ट अजय बग्गा ने बताया कि भारतीय बाजार आज सकारात्मकता देखने के लिए दृढ़ हैं। ट्रंप टैरिफ टैंट्रम्स का सबसे बुरा दौर शायद खत्म हो गया है। कम से कम 90 दिनों के लिए तो ऐसा ही है।

अमेरिकी सीमा शुल्क ने हाल ही में सेमीकंडक्टर सहित प्रमुख उपभोक्ता और औद्योगिक इलेक्ट्रॉनिक्स पर अस्थायी टैरिफ छूट की घोषणा की है।

मालिक पूजा भट्ट के लिए प्रकाशक मुद्रक शानू महेश्वरी द्वारा 141 गिरिराज कॉलोनी कानी पुरा रोड उज्जैन मध्य प्रदेश से प्रकाशित कर उदय रत्न ऑफसेट 1/0 /02 दारू गोडाउन के आगे आगर रोड उज्जैन मध्य प्रदेश से मुद्रित संपादक -शानू महेश्वरी मोबाइल नंबर - 9 14826006, 8643056464, 9 15154444 ( सभी विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन मध्य प्रदेश रहेगा)कानूनी सलाहकार तनुज दीक्षित (अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट)